प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- नागौर के मेड़ता सिटी में आज राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन–केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिरकत करेंगे।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज चित्तौडगढ में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहयोग देने का आह्वान किया।
- प्रदेशभर में तापमान में उतार चढाव के बीच कई जिलों में कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

..................

नागौर के मेड़ता सिटी के डांगावास में आज राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति के साथ राज्य परियोजनाओं में किसानों को 1 हजार 200 करोड़ रुपये का हस्तांतरण भी किया जायेगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से 25 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे।

..................

सभी जिलों में भी किसान सम्मेलन रखे गये है। इन कार्यक्रमों में राज्यस्तरीय सम्मेलन का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे चित्तौडगढ के दौरे पर है। वे आज राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य स्वदेशी को बढावा देना है।

..................

इससे पहले कल राज्यपाल ने सर्किट हाउस में अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा भी की। इस दौरान सांसद सी पी जोशी भी मौजूद रहे।

..................

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव जिला कोटपुतली– बहरोड़ के दौरे पर है। इस दौरान वे आज बहरोड़ के नारायण देवी महाविद्यालय में पुस्तक विमोचन और विचार गोष्ठी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद श्री यादव कोटपूतली के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में भी शामिल होंगे।

..................

देश में इस वर्ष अब तक 5 सौ 80 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में रबी फसल बोई गयी है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 8 लाख हेक्टेयर अधिक है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने इस महीने की 19 तारीख तक रबी फसलों के तहत की गई बुआई की प्रगति की रिपोर्ट जारी की। मंत्रालय ने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान तीन लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष गेहूं की बुवाई 301 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर हुई है। इसके अलावा 126 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती हुई जबकि धान की रोपाई में तेरह लाख हेक्टेयर से ज्यादा की बढोतरी हुई।

..................

अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के आठ सौ चौदहवें सालाना उर्स के मौके पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आज चादर पेश की जायेगी। अजमेर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुन्नवर खान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने दिल्ली आवास पर चादर सौंपी। रक्षामंत्री की तरफ से चादर और अकीदत के फूल पेश कर अमन चैन खुशहाली की दुआ भी की जायेगी।

..................

ओडिशा के संबलपुर में कल मारवाड़ महोत्सव मनाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस महोत्सव में शिरकत की। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि एक भारत और श्रेष्ठ भारत के लिए राजस्थान और ओडिशा में निवेश के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मारवाड़ महोत्सव के आयोजन से हमारी सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान और ओडिशा का गहरा संबंध है और दोनो की आध्यात्मिक आस्था, संस्कृति और विचारों में भी समानता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से विकसित भारत के सपने को साकार करने में सकारात्मक सहयोग देने का आह्वान किया।

..................

राज्य सरकार के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजन **इंडिया स्टोनमार्ट 2026** की तैयारियों को लेकर कल सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आयोजन से जुड़े सभी विभागों और आयोजक संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तैयारियों की प्रगति, विभागीय दायित्वों और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित सभी विभागों को आयोजन की तैयारियां, समयबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए।

..................

'राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग' की ओर से कल डीग में जिला स्तरीय जनसंवाद और परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद में आयोग के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना ने बताया कि आयोग का उद्देश्य एक ठोस डेटाबेस तैयार करना है। इसके लिए प्रदेश भर में 'ट्रिपल टेस्ट' की शर्तों की अनुपालना में तथ्यों का संकलन किया जा रहा हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक विधिक और तथ्य रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी।"

..................

प्रदेशभर में तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। वहीं कई जिलों में घना कोहरा छाये रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सवाईमाधोपुर में आज सुबह से ही घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम बनी हुई है। बारां में कोहरे के साथ ठंडी हवायें चलने से सर्दी का असर बढ गया है। चूरू, नागौर, हनुमानगढ़, बाडमेर, पाली, जैसलमेर, सिरोही में भी कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के कई शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। कोहरे के कारण दृश्यता भी कम हो गई। सबसे कम 7 दमशलव 6 डिग्री तापमान माउंटआबू में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के उत्तरी पूर्वी भागों में आज और कल कहीं कहीं हल्का, मध्यम, एक–दो स्थानों पर घना कोहरा छाने और न्यूनतम तापमान में 2–4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

..................